भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2040

02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

डीजीईएचएस के अंतर्गत आयुष उपचार

2040. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली सरकार कर्मचारी स्वास्थ्य योजना (डीजीईएचएस) के अंतर्गत दिल्ली सरकार के कर्मचारियों को आयुर्वेदिक उपचार प्रदान करने की सुविधा पिछले वर्ष से बंद कर दी गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) केंद्र सरकार द्वारा सीजीएचएस के तहत कर्मचारियों को प्रदान की जा रही सुविधा की तर्ज पर डीजीईएचएस के तहत आयुर्वेदिक उपचार की उक्त सुविधा प्रदान करना व्यवहार्य नहीं पाए जाने के क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>
आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): दिल्ली सरकार कर्मचारी स्वास्थ्य योजना (डीजीईएचएस) के तहत, दिल्ली सरकार के कर्मचारियों को आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध कराने की सुविधा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के कार्यक्षेत्र में आती है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

*****